दैनिक

# उत्तराखण्ड प्रहरी

वर्ष 15 /अंक 35 / पृष्ठ 8

हरिद्वार, मंगलवार, 04 अप्रैल 2023

uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com

उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर

RNI No. : - UTTHIN/2009/27592

मूल्य- 2 रु.




एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर हरिद्वार पुलिस ने धरा

61 वर्ष की हुयी जया प्रदा

# मुख्यमंत्री धामी ने की दिल्ली में पीएम नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट

## मुख्यमंत्री ने जोशीमठ क्षेत्र में भूधंसाव से प्रभावितों को राहत देने के लिए मांगा लगभग 3 हजार करोड़ का बजट

पॉली हाउस से लगभग 1 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री ने प्रधानमन्त्री को चारधाम यात्रा, आदि कैलाश और लोहाघाट स्थित मायावती आश्रम के लिए किया आमंत्रित

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार से वाराणसी के लिए वन्दे भारत रेल सेवा शुरु किए जाने का भी किया आग्रह

सुमित तिवारी / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**देहरादून,(नईदिल्ली)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार द्वारा राज्य के विकास हेतु जमरानी बांध परियोजना की स्वीकृति सहित विभिन्न बाह्य साहयतित परियोजनाओं एवं पूंजीगत परियोजनाओं हेतु विशेष सहायता योजनाओं के लिए व्यापक सहयोग प्रदान करने पर प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त किया। राज्य को G 20 की तीन महत्वपूर्ण बैठकों का दायित्व दिए जाने पर धन्यवाद देते हुए कहा कि रामनगर में मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के वर्किंग ग्रुप की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने प्रधानमन्त्री को चारधाम यात्रा, आदि कैलाश और लोहाघाट स्थित मायावती आश्रम के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री के साथ लगभग एक घंटे तक चली बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की और प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री को मुनस्यारी की शॉल, उत्तराखंड में G 20 के सफल आयोजन की कॉफी टेबल बुक, एक साल नई मिसाल की कॉफी टेबल बुक, मिलेट एवं जागेश्वर धाम की प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को चमोली के जोशीमठ क्षेत्र में भूधंसाव से प्रभावितों को राहत और विस्थापन कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि भूस्खलन एवं भू-धसाव हेतु आर्थिक पैकेज रू० 2942.99 करोड़ की आवश्यकता है। उक्त पैकेज में प्रभावितों को अस्थाई राहत व आवास व्यवस्था हेतु 150 प्री फॅब्रिकेटेड घरों का निर्माण, साइट डेवलपमेंट कार्य, प्रभावित भत्ता प्रमुख है। आवासीय एवं व्यवसायिक अवसंरचनाओं के मुआवजे, असुरक्षित जोन में आने वाले परिवारों की जमीनों के मुआवजे, प्रभावित व्यक्तियों के स्थायी पुनर्वास एवं भूमि के अधिग्रहण व विकास और प्रभावित विभागीय अवसंरचनाओं की मरम्मत व पुनर्स्थापना का कार्य सम्मिलित है। जोशीमठ के स्थरीकरण तथा पुनर्विकास का कार्य भी किया जाना है।

राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड लैंडस्लाइड मिटिगेशन एण्ड मैनेजमेंट सेंटर स्थापित किया गया है, जो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर भूमि धसाव सुधार एवं प्रबंधन पर सलाह देगा। सेंटर ने जोशीमठ में कार्य करना आरम्भ कर दिया है, इसके द्वारा प्रभावित भू धसाव, आपदा प्रभावित जोखिम क्षेत्र का रोडमैप तैयार कर दिया गया है मुख्यमंत्री ने कहा कि जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा आयोजित पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड की बैठक में संस्तुति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना की वित्तीय स्वीकृति आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी से भी कराए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार से वाराणसी के लिए वन्दे भारत रेल सेवा शुरू किए जाने का भी आग्रह करते हुए कहा कि इससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अन्तर्गत आस्ट्रेलिया से 240 मैरीनो भेड़े दिसम्बर, 2019 में आयात की गई थी। इसकी सफलता के आधार पर प्रथम चरण में 500 मैरीनो भेड़ों को आयात करने का प्रस्ताव है जिससे आगामी 3-4 महीनों में लगभग 500 मैट्रिक टन उच्च गुणवत्ता ऊन प्राप्त हो सकती है जो आत्मनिर्भर भारत के अवधारणा के अन्तर्गत भारतीय वस्त्र उद्योग के लिये महत्वपूर्ण है। इसके लिए पशुधन मंत्रालय एवं कपड़ा मंत्रालय से सहयोग अपेक्षित है।

प्रदेश द्वारा स्टेट मिलेट मिशन का वर्ष 2023-24 से 2027-28 तक संचालन किया जा रहा है। मिलेट मिशन में 10,000 मै0टन मडुवा, किसानों से खरीद कर पी०डी०एस० के माध्यम से वितरित किया जायेगा।

## जद(एस) नेता कुमारस्वामी 19 अप्रैल को चन्नापटना से नामांकन दाखिल करेंगे

**रामनगर (कर्नाटक)।** जद (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि 10 मई को होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वह एक उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन 19 अप्रैल को चन्नापटना विधानसभा क्षेत्र से दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके बेटे निखिल कुमारस्वामी पार्टी उम्मीदवार के रूप में रामनगर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र 17 अप्रैल को दाखिल करेंगे। मौजूदा विधानसभा में कुमारस्वामी चन्नापटना विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं जबकि रामनगर का प्रतिनिधित्व उनकी पत्नी और निखिल की मां अनिता कुमारस्वामी करती हैं। अभिनेता से राजनेता बने निखिल जद (एस) की युवा शाखा के अध्यक्ष है और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें पार्टी के गढ़ मांड्या में भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सुमलता अंबरीश से हार का सामना करना पड़ा था। सुमलता भी अभिनय जगत से राजनीति में आई हैं। जद (एस) ने अपने 93 उम्मीदवारों की सूची पिछले साल दिसंबर में ही जारी कर दी थी। कुमारस्वामी ने कहा कि वह और जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष सी एम इब्राहिम सोमवार की शाम बैठक करेंगे और संभव हुआ तो उम्मीदवारों की दूसरी सूची भी जारी कर दी जाएगी।

## निराश्रित नहीं रहेगा एक भी गोवंशीय पशु : मुख्यमंत्री



**लखनऊ, (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य में किसी भी गोवंशीय पशु को बेसहारा नहीं रहने दिया जाएगा और सरकार उनके पालन-पोषण की पूरी जिम्मेदारी निभाएगी। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने यह बताया कि मुख्यमंत्री ने एक उच्च स्तरीय बैठक में निराश्रित गोवंश और पशुओं के आश्रय स्थलों के प्रबंधन की समीक्षा के दौरान यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा,"यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कोई भी गोवंश निराश्रित न हो। आदित्यनाथ ने कहा कि संभल, मथुरा, मिर्जापुर, शाहजहांपुर, संतकबीरनगर, अमरोहा, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद और फुर्खाबाद में सबसे ज्यादा संख्या में इन पशुओं को संरक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध रूप से सभी जिलों में इसी तरह निराश्रित गोवंशीय जानवरों का बेहतर प्रबंधन किया जाए। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने निराश्रित गोवंशीय पशुओं के चारे-भूसे के लिए भी जरूरी इंतजाम किए हैं। इस वक्त प्रदेश में संचालित 6719 निराश्रित गोवंश संरक्षण स्थलों में 11 लाख 33 हजार से अधिक गोवंशीय जानवर रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा इसी साल 20 जनवरी से 31 मार्च तक संचालित विशेष अभियान के तहत 1.23 लाख ऐसे पशु संरक्षित किए गए हैं।

## मित्रकाल के खिलाफ और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है : राहुल

**नईदिल्ली, (भाषा)।** कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मानहानि के मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ अपील दायर करने के बाद सोमवार को कहा कि वह मित्रकाल के खिलाफ और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसमें सत्य ही उनका अस्त्र है। उन्होंने ट्वीट किया, ए मित्रकाल के विरुद्ध, लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। इस संघर्ष में, सत्य मेरा अस्त्र है, और सत्य ही मेरा आसराउ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उनके इस ट्वीट को रिट्वीट करते हुए लिखा, सूरमा नहीं विचलित होते, क्षण एक नहीं धीरज खोते, विघ्नों को गले लगाते हैं, कांटों में राह बनाते हैं। राहुल गांधी ने मोदी उपनाम के संदर्भ में उनकी 2019 की टिप्पणी से संबंधित मानहानि के एक मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ सोमवार को सत्र अदालत में अपील दायर की। अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। एक अधिकारी ने बताया कि सत्र अदालत मामले की सुनवाई 13 अप्रैल को करेगी।

राहुल को पिछले महीने यहां की निचली अदालत ने दोषी ठहराया था और दो साल के लिए जेल की सजा सुनाई थी। दो भगोड़े कारोबारियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उपनाम के बारे में अपनी टिप्पणी में राहुल गांधी ने कहा था कि सारे चोरों के उपनाम मोदी क्यों हैं।




## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल

uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

## संपादकीय

# नफरती बोल, राज्य 'नपुंसक'

सर्वोच्च अदालत में एक न्यायाधीश ने टिप्पणी की थी कि नफरती भाषण और बयानबाजी दिए जा रहे हैं, क्योंकि राज्य नपुंसक हैं। राज्य शक्तिहीन हैं। राज्य वक्त पर कार्रवाई नहीं करते। ऐसे नफरती बोल उसी क्षण रुक सकते हैं, जब राजनीति और धर्म को अलग-अलग कर दिया जाए। जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना ने सवाल उठाया है कि आखिर हमें ऐसा राज्य क्यों चाहिए, जब सब कुछ नफरती हो रहा है?' हालांकि न्यायाधीश की 'नपुंसक' वाली उपमा अतिरेकपूर्ण है। कमोबेश लोकतांत्रिक नहीं है। वह राज्य को कमज़ोर, अक्षम, अप्रभावी, अनिर्णायक आदि कुछ भी कह सकते थे, लेकिन 'नपुंसक' के मायने हैं कि परोक्ष रूप से देश की जनता जिम्मेदार है, क्योंकि लोकतंत्र में जनता ही अपनी सरकार चुनती है। नफरती बयानबाजी दो पक्षों के बीच अधिक है। एक लगातार 'हिंदू राष्ट्र' बनाने को लोगों को उकसा रहा है। लाखों की भीड़ जुटाई जा रही है। दूसरा पक्ष ऐसा है, जो 'सरकलम' तक करने को उन्मादित है। सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसी आदि समुदायों की ओर से नफरत के बोल अपवाद ही हो सकते हैं। हाल ही में रामनवमी के दिन जुलूस पर कई राज्यों में पथराव किया गया, हिंसा और आगजनी तक की गई। ऐसा बार-बार होता है, क्योंकि इनके मूल में 'नफरत' है। न्यायिक पीठ के सामने भारत सरकार के सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार नहीं, केरल सरकार खामोश है। मई, 2022 में पीएफआई ने एक रैली के दौरान आह्वान किए कि हिंदुओं और ईसाइयों के नरसंहार कर दो। बेशक आज इस संगठन पर भारत सरकार की पाबंदी है, लेकिन ऐसे भडक़ाऊ और हत्यारे बयान आज भी फिज़ाओं में हैं। द्रमुक पार्टी के एक प्रवक्ता का बयान भी उद्धृत किया गया, जिसमें कहा गया था कि यदि तुम्हें समानता चाहिए, तो सारे ब्राह्मणों की हत्या कर दो।' संदर्भ पेरियार का था। दरअसल ये नफरत ही नहीं, हिंसा और हत्या की पराकाष्ठा के बयान हैं।

ऐसे बयानों पर अदालतों ने कभी स्वतः संज्ञान नहीं लिया, यह एक बेहद गंभीर सवाल है। अरस्तु, चाणक्य से लेकर डॉ. राममनोहर लोहिया तक ने माना है कि धर्म और राजनीति परस्पर पूरक हैं, लिहाजा दोनों को अलग करना नफरती सियासत का कोई समाधान नहीं है। 'राम मंदिर' के मुद्दे पर जो माहौल बना, उसके मद्देनजर राजनीति दोफाड़ हो गई-सांप्रदायिक और धर्मनिरपेक्ष। ऐसी राजनीति 1989 के बाद से आज तक जारी है। 'नफरती सियासत' का आगाज़ नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से हुआ, क्योंकि धर्मनिरपेक्ष और मुस्लिमवादी दल आज भी उन्हें 2002 के गोधरा सांप्रदायिक दंगों का 'खलनायक' मानते हैं। हिन्दू-मुसलमान के दोफाड़ पर हमने कई सांप्रदायिक दंगों की बर्बरता भी देखी है, लेकिन राज्य 'नपुंसक' इसलिए करार दिए जा सकते हैं, क्योंकि नफरती बयानों में धर्म का पुट भी होता है। इस संदर्भ में दिसंबर, 2021 में हरिद्वार में आयोजित 'धर्म संसद' याद आती है। उसके दौरान इस्लाम और मुसलमान को ही निशाना बनाया। कुछ साधु-संतों ने कहा कि हिन्दू या तो मरने के लिए तैयार रहें अथवा मारने के लिए।' हथियार धारण करने तक के आह्वान किए गए। दूसरी तरफ कुछ आतंकवादी चेहरों ने हिन्दुओं के 'सरकलम' तक कर दिए और धमकियां अब भी जारी हैं। ओवैसी, मदनी, रज़ा, बर्क सरीखे मुस्लिम नेताओं और मौलाना-मुल्लाओं ने 'हिन्दूवाद' की राजनीति के 'तल्ख और भडक़ाऊ' जवाब दिए हैं।

# श्रीअन्न से संवरेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

निश्चित रूप से अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के तहत सरकार की यह रणनीति होनी चाहिए कि जिस तरह से पिछले चार-पांच दशकों में अन्य नकदी फसलों को बढ़ावा देने के कदम उठाए गए हैं, उसी तरह के कदम मोटे अनाजों के संदर्भ में भी उठाए जाएं। इनका न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाना होगा। देश के कृषि अनुसंधान संस्थानों के द्वारा मोटे अनाजों पर लगातार शोध बढ़ाया जाना होगा। देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आम आदमी तक गेहूं एवं चावल की तुलना में मोटे अनाज की अधिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मोटे अनाजों की सरकारी खरीद बढ़ाई जानी होगी। साथ ही मोटे अनाजों के निर्यात को अधिक ऊंचाई देने की नई रणनीति भी बनाई जानी होगी। इससे जहां अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, वहीं किसानों को भी लाभ होगा

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित वैश्विक श्रीअन्न सम्मेलन में कहा कि मोटे अनाजों (श्रीअन्न) को बढ़ावा देने का अभियान देश के लगभग ढाई करोड़ सीमांत किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए वरदान है। इस मौके पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि भारत ने श्रीअन्न को वैश्विक स्तर पर भोजन की थाली तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। खास बात यह है कि भारत के मौसम के लिहाज से मोटे अनाज की खेती अत्यधिक अनुकूल है। अधिक बारिश या फिर कम बारिश होने पर भी श्रीअन्न की फसलें अन्य अनाजों की तुलना में कम क्षतिग्रस्त होती हैं। ऐसे में श्रीअन्न को प्रोत्साहन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल मिलेगा। गौरतलब है कि इस वर्ष एक जनवरी 2023 से अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष (इंटरेनेशनल मिलेटस ईयर) 2023 की शुरुआत हुई है। भारत सरकार के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया है, जिसे वर्ष भर देश के साथ ही वैश्विक स्तर पर उत्साह के साथ मनाने तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेट्स की मांग और स्वीकार्यता बढ़ाने के उद्देश्य से, अनेक कदम सुनिश्चित किए गए हैं। पिछले दिनों केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संसद परिसर में सांसदों के लिए 'विशेष मोटे अनाज (मिलेट्स) लंच' आयोजित करके देश-दुनिया में अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 में मिलेट्स को बढ़ावा देने की बड़ी अनूठी पहल की गई है। इस आयोजन में मोटे अनाज बाजरा से बनी खिचड़ी, रागी डोसा, रागी रोटी, ज्वार की रोटी, हल्दी की सब्जी, बाजरा चूरमा सहित कई व्यंजन परोसे गए। इतना ही नहीं जी-20 की अध्यक्षता के बीच जनवरी 2023 से अब तक जी-20 की 28 से अधिक कार्यसमूह बैठकों के तहत श्रीअन्न का प्रचार-प्रसार हुआ है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में एक जिला-एक उत्पाद के तहत 19 जिलों को श्रीअन्न के लिए चुना गया है। भारत में श्रीअन्न की उपज और खपत में लगातार वृद्धि हो रही है। इसकी विभिन्न प्रजातियों की खेती 12 राज्यों में होती है। प्रति व्यक्ति खपत पहले दो किलो प्रति माह थी, जो अब बढक़र 14 किलो तक पहुंच गई है। केंद्र सरकार ने कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) को श्रीअन्न के प्रचार-प्रसार की जिम्मेवारी सौंपी है और उसके संसाधन बढ़ाए हैं। एपीडा ने भी दो स्तरों पर काम प्रारंभ कर दिया। उसने ऐसे 30 प्रमुख देशों की सूची बना ली है, जो मोटे अनाज के बड़े आयातक हैं। साथ ही अपने देश के 21 राज्यों में उत्पादन बढ़ाने की कार्ययोजना भी बना ली है। एपीडा ने एक कदम और बढ़ाते हुए श्रीअन्न की खपत और कारोबार को प्रोत्साहित करने के लिए श्रीअन्न ब्रांड का निर्माण किया है। रेडी टू ईट और रेडी टू सर्व के अनुकूल श्रीअन्न पर आधारित सैंपल और स्टार्टअप जुटाए जा रहे हैं, जो ज्वार-बाजरा, रागी एवं अन्य मोटे अनाजों से नूडल्स, बिस्कुट, ब्रेकफास्ट, पास्ता, सीरियल मिक्स, कुकीज, स्नैक्स एवं मिठाइयां आदि बना सकें ताकि विश्व बाजार में निर्यात को बढ़ावा देने में सहूलियत हो सके। मोटे अनाज की फसलों की सरकारी खरीद को भी प्रोत्साहित करने के लिए राज्यों को विशेष रियायतें दी गई हैं। इसमें तीन महीने के भीतर इन अनाजों के वितरण की अनिवार्यता को समाप्त कर इसे छह से 10 महीने कर दिया गया है। वस्तुतः मोटे अनाजों को पोषण का पावर हाउस कहा जाता है। मोटा अनाज सूक्ष्म पोषक तत्वों, विटामिन और खनिजों का भंडार है। छोटे बच्चों और प्रजजन आयु वर्ग की महिलाओं के पोषण में विशेष लाभप्रद हैं। शाकाहारी खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के दौर में मोटा अनाज वैकल्पिक खाद्य प्रणाली प्रदान करता है। श्रीअन्न केवल भोजन या खेती तक ही सीमित नहीं हैं। भारतीय परंपरा में यह गांवों-गरीबों से जुड़ा है। छोटे किसानों के लिए समृद्धि का द्वार, करोड़ों लोगों के पोषण का आधार व आदिवासियों का सम्मान है। सामान्य भूमि और कम पानी में भी उगाया-उपजाया जा सकता है। यह रसायनमुक्त है। उर्वरा शक्ति को बढ़ाता है। खेती के लिए खाद की जरूरत नहीं पड़ती। जलवायु परिवर्तन से निपटने में मददगार है।

इनकी खेती सस्ती और कम चिंता वाली होती है। मोटे अनाजों का भंडारण आसान है और ये लंबे समय तक संग्रहण योग्य बने रहते हैं। विभिन्न दृष्टिकोणों से मोटे अनाज की फसलें किसान हितैषी फसलें हैं। ज्ञातव्य है कि देश में कुछ दशक पहले तक सभी लोगों की थाली का एक प्रमुख भाग मोटे अनाज हुआ करते थे। फिर हरित क्रांति और गेहूं-चावल पर हुए व्यापक शोध के बाद गेहूं-चावल का हर तरफ अधिकतम उपयोगी होने लगा। मोटे अनाजों पर ध्यान कम हो गया।

# आवश्यक है सभ्य एवं संवेदनशील आचरण


**प्रो. सुरेश शर्मा**

जब हम दूसरे व्यक्तियों, प्राणियों तथा जीव-जंतुओं की परेशानी, तकलीफ या दुःख-दर्द को स्वयं में अनुभव करते व्यथित तथा द्रवित होने लगते हैं तो समझो हम शालीन, विनम्र एवं संवेदनशील हो रहे हैं। यह हमारे व्यक्तित्व का अमूल्य तथा असाधारण गुण है। मन, वचन एवं कर्म से अपने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष आचरण तथा कृत्य से किसी को किसी प्रकार का दुःख तकलीफ न पहुंचाना, परेशान न करना ही संवेदनशील आचरण है। हमारे समाज में प्रत्येक घर, परिवार, गली, मुहल्ले, गांव, समाज, सम्प्रदाय में पूरा वर्ष भर शादी- विवाह, पार्टियां, मेले, त्योहार, कीर्तन, जागरण, कथा-भागवत कथा सप्ताह, धार्मिक एवं सार्वजनिक उत्सव होते ही रहते हैं। धार्मिक आस्था के आनंद में मंदिरों में जयकारे, शंखनाद, घंटियां, ढोल-नगाड़े, श्रद्धालुओं के दलों का भक्ति के वातावरण में झूमना, अपने इष्ट के लिए नाचना, सुबह-शाम की आरती, गुरद्वारों में शब्द-कीर्तन, जयघोष, मस्जिदों में हर रोज़ पांच बार की नमाज़, गिरिजाघरों में प्रार्थनाएं होना स्वाभाविक है। यह हमारी श्रद्धा, भक्ति, आस्था का प्रश्न है। इस पर कोई टिप्पणी भी नहीं हो सकती क्योंकि पूजा पाठ पद्धति, धर्म-कर्म आस्था तथा विश्वास किसी भी व्यक्ति का व्यक्तिगत मामला है।

# रूहानियत के रहनुमा - हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज

2 अप्रैल को हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज के 75वें बरसी भंडारे का कार्यक्रम उत्तरी दिल्ली स्थित कृपाल बाग में आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। हजूर को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने उनकी याद में भक्ति-भाव से परिपूर्ण भजनों का गायन किया।

इस अवसर पर संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का विडियो सत्संग प्रसारित किया गया, जिसमें उन्होंने कहा कि, "हम सब बड़े ही भाग्यशाली हैं कि हमें हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज जैसे पूर्ण संतों के चरण-कमलों में बैठने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। वो खुद प्रभु का रूप थे और प्रभु स्वयं उनके अंदर बसे हुए थे अर्थात वे इंसानी शरीर में चलते-फिरते खुदा थे। उन्होंने लाखों लोगों पर रूहानियत की दौलत की बरखा करके उन्हें पिता-परमेश्वर की ज्योति और श्रुति से जोड़ दिया।"संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने पिछली शताब्दी के महान संत द्वारा



दिखाए गए आध्यात्मिक मार्ग को समझाते हुए कहा कि उनके द्वारा दिया गया प्रेम, एकता और रूहानियत का संदेश किसी आस्था या धर्म से संबंधित न होकर पूरे विश्व के लिए था। वो हमें समझाया करते थे कि हम नम्रता, और आदरभाव से अपनी ज़िंदिगी गुज़ारते हुए एक ऐसी ज़िंदिगी जियें जोकि प्रेम और शांति की बुनियाद पर आधारित हो।" उसके पश्चात हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज के जीवन की महत्त्वपूर्ण झलकियां एक फिल्म के रूप में दिखाई गईं, जिसमें उनके द्वारा उस समय के लोगों पर की गई प्रभु-प्रेम की दयामेहर को प्रदर्शित किया गया था।

इस अवसर पर सावन कृपाल रूहानी मिशन की ओर से शांति अवेदना सदन, राज नगर, नई दिल्ली में मिशन के सेवादारों ने स्वयं अपने हाथों से कैंसर से पीड़ति भाई-बहनों को दवाईयां, फल, सब्जियाँ व अन्य दैनिक जीवन की उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया। हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज का जन्म 27 जुलाई 1858 को ग्राम महिमासिंहवाला, जिला लुधियाना, पंजाब में हुआ। वे अपने सत्संगों के ज़रिये समझाया करते थे कि पिता-परमेश्वर की संतान होने के नाते हम सब आपस में बहन-भाई हैं और हममें से हरेक उन्हें पा सकता है जोकि हमारे इस मनुष्य जीवन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने मानव-जाति के कल्याण हेतु आध्यात्मिक जागृति की भविष्यवाणी की थी कि पश्चिम के देशों में रूहानियत बड़ी तेजी से फैलेगी। उनके पश्चात परम संत कृपाल सिंह जी महाराज और संत दर्शन सिंह जी महाराज ने विश्वभर में अनेक यात्राएं करके रूहानियत की इस तालीम को जन-जन तक पहुँचाया और आज भी वो रूहानी कार्य सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज द्वारा हम सबका मार्गदर्शन कर रहा है। सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज आज संपूर्ण विश्व में ध्यान-अभ्यास द्वारा प्रेम, एकता व शांति का संदेश प्रसारित कर रहे हैं, जिसके फलस्वरूप उन्हें विभिन्न देशों द्वारा अनेक शांति पुरस्कारों व सम्मानों के साथ-साथ पाँच डॉक्टरेट की उपाधियों से भी सम्मानित किया जा चुका है। सावन कृपाल रूहानी मिशन के संपूर्ण विश्व में 3200 से अधिक केन्द्र स्थापित हैं तथा मिशन का साहित्य विश्व की 55 से अधिक भाषाओं में प्रकाशित हो चुका है। इसका मुख्यालय विजय नगर, दिल्ली में है तथा अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय नेपरविले, अमेरिका में स्थित है।

**वैद्यानिक सूचना**

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर हरिद्वार पुलिस ने धरा सीबीआई का डीसीपी

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पर हरिद्वार पुलिस ने C.B.I. ब्रांच दिल्ली और देहरादून में दस्तावेजों को खंगालने के बाद कथित फर्जी C.B.I. डीसीपी को बेहट सहारनपुर से दबोचने में सफलता हासिल की। पुलिस टीम ने छापेमारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से डीसीपी की फर्जी आईडी, फोटोग्राफ्स और अन्य दस्तावेज भी बरामद किए। अभियुक्त द्वारा खुद को बतौर C.B.I. डीसीपी पेश करते हुए वर्तमान पोस्टिंग पटियाला बताकर आनंद विहार कॉलोनी निकट रानीपुर झाल बहादराबाद निवासी युवती से सगाई की थी। इस बारे में शक होने पर युवती के भाई ने शिकायती प्रार्थनापत्र देकर दिनांक 8 दिसंबर 2022 को थाना बहादराबाद में मुकदमा दर्ज कराया था।

विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि अभियुक्त वसीम आजम द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेज (आईडी व फोटोग्राफ) एक फर्जी फोटोशॉप से तैयार किए गए हैं। अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।





### बरामद सामग्री

1- फोटो IPS ड्रेस में - 02

2- डीसीपी की फर्जी आईडी - 08

### अभियुक्त का विवरण

वसीम आजम पुत्र समीम निवासी ग्राम सधोली कदीम थाना बेहट, सहारनपुर उ0प्र0

- खुद को C.B.I. ऑफिसर बता बहादराबाद निवासी युवती से की थी सगाई
- शक होने पर शादी से 0१ दिन पहले युवती के भाई ने दर्ज कराया था मुकदमा
- Fake I'd दिखाकर लोगों से ठगी करना आया प्रकाश में





## वाहनों के ग्रीन कार्ड बनने शुरू, इसके बिना नहीं मिलेगी एंट्री

**ऋषिकेश।** चारधाम यात्रा में सरकार ने वाहनों के लिए ग्रीन कार्ड बनवाना अनिवार्य किया है। सोमवार से ऋषिकेश में ग्रीन कार्ड बनने शुरू हो गए हैं। एआरटीओ कार्यालय से परिवहन मंत्री चंदन रामदास ने ग्रीन कार्ड जारी किए। पहले दिन 10 ट्रांसपोर्टरों को ग्रीन कार्ड जारी किए। मंत्री ने कहा कि इस साल चारधाम यात्रा के लिए 350 बसें रिजर्व में रहेंगी और स्कूल बसों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

परिवहन मंत्री चंदन रामदास ने कहा कि इस बार चारधाम यात्रा में यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। चारधाम यात्रा में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि चारधाम के चरम पर होने के कारण बसों की कमी न पड़े के लिए परिवहन विभाग की ओर से 350 बसें रिजर्व में रखी जाएंगी। इस बार स्कूल बसों को चारधाम यात्रा पर नहीं भेजा जाएगा। बसों की पूर्ति करने के लिए दूसरे प्रदेशों के ट्रांसपोर्टरों से बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछली बार 46 लाख तीर्थयात्री आए थे।

# कार व ट्रक की भिड़ंत में कार के उड़े परखच्चे





उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** गुरुकुल कांगड़ी से आगे ऊंचापुल ढलान के पास दिल्ली से हरिद्वार की ओर सड़क पर एक ट्रक और एक कार की टक्कर हो गई जिसमें कार बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी एच0सी0 प्रदीप कुमार सिंह कांस्टेबल रितेश कुमार व आरक्षी चालक जितेंद्र कुमार तत्काल मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को सुरक्षित किनारे करते हुए प्राथमिक उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया व दोनों वाहनों को पब्लिक के सहयोग से सड़क से किनारे कर आवागमन को सुचारू चलाए जाने हेतु व्यवस्थित किया। ट्रैफिक कर्मियों की त्वरित कार्रवाई की मौजूद लोगों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की।



कार सवार व ट्रक सवार दोनों सुरक्षित प्राथमिक उपचार हेतु भेजा जिला चिकित्सालय

# संग्रह अमीन को हटाने की मांग पर अड़े किसान, एसडीएम से मिले

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



### भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन के पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### प्रमाण पत्रों में रिपोर्ट लगाने के नाम पर लोगों से पैसे मांगने से किसानों में रोष, कार्रवाई न होने पर धरने बैठेंगे किसान

**हरिद्वार।** भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन के पदाधिकारियों ने हरिद्वार तहसील के किशनपुर में तैनात संग्रह अमीन के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को उपजिलाधिकारी पूरन सिंह राणा से मुलाकात की। उन्हें ज्ञापन सौंपकर संग्रह अमीन स्वतंत्र कुमार को हटाने की मांग की करते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। कार्यवाही ना होने पर यूनियन के पदाधिकारियों ने जल्द जगजीतपुर मातृ सदन आश्रम में धरने पर बैठने की चेतावनी दी है। भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विनोद कश्यप के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। राष्ट्रीय सलाहकार यशपाल चौधरी ने कहा कि किशनपुर के संग्रह अमीन स्वतंत्र कुमार जाति, आय और मूल निवास प्रमाण पत्र रिपोर्ट लगाने के नाम पर लोगों को परेशान करते हैं।

बिना सुविधा शुल्क के वह कोई भी रिपोर्ट लगाने का कार्य नहीं कर रहे हैं। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने यूनियन को इस बात से अवगत कराया था। गरीब मजदूर किसान अपने बच्चों के प्रमाण पत्र बनवा कर स्कूलों में प्रवेश दिलाने के साथ ही कई योजनाओं में आवेदन करते हैं लेकिन इस तरह के कर्मचारियों के कारण वह दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसलिए ऐसे संग्रह अमीनों के खिलाफ कार्रवाई होनी बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लेखपालों के पास से प्रमाण पत्रों पर रिपोर्ट लगाने की व्यवस्था लिए जाने के बाद से स्थिति ज्यादा बिगड़ गई है। लेखपालों के समय में इस तरह की शिकायतें बिल्कुल भी नहीं आती थी लेकिन संग्रह अमीनों के व्यवस्था संभालने के बाद से ही प्रमाण पत्रों पर रिपोर्ट लगाने के लिए प्रमाण पत्रों को लेकर ज्यादा दिक्कतें आ रही हैं। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विनोद कश्यप ने कहा कि किशनपुर के संग्रह अमीन स्वतंत्र कुमार की शिकायत लगातार सामने आ रही थी जिसके बाद किसान यूनियन को यह कदम उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि संग्रह अमीन को हटाने की मांग करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए अगर ऐसा नहीं किया गया तो भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन मातृ सदन आश्रम में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने के लिए बाध्य होगी। जिसका जिम्मेदार प्रशासन होगा। उप जिलाधिकारी पूरन सिंह राणा ने किसान यूनियन के पदाधिकारियों को जांच कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय महासचिव इरशाद अली, प्रदेश संयोजक राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ विजेंद्र चौहान, मोहम्मद सैयद, मोहम्मद असलम, मोहम्मद आकिल, प्रशांत चौधरी, अक्षय चौधरी सहित बड़ी संख्या में किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने की प्रेस वार्ता, भाजपा पर लगाया देश में लोकतंत्र खत्म करने का आरोप

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो




**हरिद्वार।** कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग, भेल श्रमिक नेता राजबीर सिंह चौहान, महेश प्रताप राणा, ओ.पी. चैहान, मुरली मनोहर, महिला कांग्रेस नेत्री अंजू द्विवेदी, बीएस तेजियान, अंकित चौहान, कैलाश प्रधान आदि ने प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता की। पत्रकारों से वार्ता करते हुए कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि देश में लोकतंत्र को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। नौजवानों, बेरोजगारों, किसानों की बात नहीं सुनी जा रही है। जनता की आवाज उठाने पर सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग कर विपक्ष के नेताओं को मुकद्मों में फंसाया जा रहा है।

राहुल गांधी की आवाज को दबाने के लिए आननफानन में उनकी सदस्यता समाप्त करने के साथ आवास खाली करने का फरमान जारी कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार कितना भी उत्पीड़न कर ले कांग्रेस पीछे नहीं हटेगी और जनता से जुड़े मुद्दों को उठाती रहेगी। रानीपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे भेल श्रमिक नेता राजबीर सिंह चौहान ने कहा कि हरीश रावत सरकार में विभिन्न विभागों में 32 हजार पदों पर भर्ती की गयी। लेकिन भाजपा सरकार में वेकेंसी निकाली जाती है। बेरोजगारों से फीस वसूली जाती है। परीक्षा भी होती है। पेपर लीक होते हैं।

लेकिन भर्ती नहीं होती। राजबीर सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि शिवालिक नगर पालिका में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। पार्कों के सौंदर्यकरण के नाम पर सरकार की धन की बंदरबांट की जा रही है। नगर पालिका के गठन को पांच साल पूरे होने जा रहे हैं। लेकिन केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार होने के बावजूद आज तक पालिका को स्थायी कार्यालय नहीं मिल सका है। नवोदय नगर में बरसात में नदी में हुए कटाव की वजह से खतरे की जद में आए घरों को बचाने के लिए बार-बार मांग करने के बाद भी तटबंध का निर्माण नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नदी में अवैध खनन किया जा रहा है। जिससे बरसात के दिनों में एक बार फिर लोगों को समस्या का सामना करना पड़ेगा। महेश प्रताप राणा ने कहा कि पूरे नगर पालिका क्षेत्र में लोग बंदरों के आतंक से परेशान हैं। सुभाषनगर निवासियों के बार-बार मांग करने के बावाजूद घरों के ऊपर से जा रही विद्युत लाईन को नहीं हटाया जा रहा है। मुरली मनोहर व ओ.पी. चौहान ने कहा कि महंगाई आसमान छू रही है। रसोई गैस के साथ बिजली व पानी तक महंगा कर दिया गया। जिससे पहले से ही महंगाई की मार से जूझ रहे गरीब व मध्यम वर्ग की समस्याएं और बढ़ गई हैं। प्रेसवार्ता के दौरान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी ने नवनियुक्त ज्वालापुर ब्लॉक अध्यक्ष अंकित चौहान व रानीपुर ब्लॉक अध्यक्ष अमित नौटियाल को नियुक्ति पत्र भी सौंपे।

## डीएम और एसएसपी के साथ बैठक में भी ग्रामीणों में नहीं बनी सहमति

**देहरादून।** डाडा जलालपुर में डीएम और एसएसपी ने ग्रामीणों के साथ बैठक करके शोभायात्रा निकालने को लेकर सहमति का प्रयास किया लेकिन दोनों पक्ष अपनी-अपनी बात पर अड़े रहे। इस कारण कोई हल नहीं निकल पाया। इसके बाद प्रशासन और खुफिया विभाग की टीम ने शोभायात्रा के रूट को लेकर गांव का सर्वे किया और रिपोर्ट डीएम को सौंपी। अब रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

गौरतलब है कि एक वर्ष पूर्व डाडा जलालपुर गांव में हनुमान जयंती पर शोभायात्रा निकाले जाने के दौरान पथराव और आगजनी हो गई थी। इसमें कई पुलिसकर्मी और अन्य लोग घायल हुए थे। इस बार फिर से ग्रामीणों ने शोभायात्रा निकालने की अनुमति मांगी है जो अब तक प्रशासन ने नहीं दी है। अनुमति को लेकर गांव में दो पक्षों में तनातनी बनी हुई है। एक पक्ष पूर्व के रूट पर शोभायात्रा निकालने को लेकर अड़ा हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को डीएम विनय शंकर पांडेय और एसएसपी अजय सिंह ने भगवानपुर थाना परिसर में दोनों पक्षों के लोगों को बुलाकर बैठक ली। बैठक के दौरान दोनों समुदाय के ग्रामीण एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करते हुए डीएम को शिकायत करने लगे।

## श्रीरामचरितमानस कथा का श्रवण, मनन और चिंतन मुक्ति का मार्गः आलोक गिरी



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी के स्वामी आलोक गिरी महाराज ने कहा कि श्रीरामचरितमानस कथा का श्रवण, चिंतन और मनन करने वाला प्राणी संसारिक बंधनों से मुक्त हो जाता है। कलयुग में श्रीराम कथा अनंत पुण्यों को प्रदान करने वाली कथा है। ऐसे में रामकथा के आयोजन में भक्तों को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।

जगजीतपुर-जमालरोड रोड पर फुटबॉल ग्राउंड जगजीतपुर के समीप स्थित श्रीबालाजी धाम सिद्धबलि हनुमान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में चल रही संगीतमय श्रीरामचरित मानस कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास स्वामी हरिदास महाराज ने भगवान राम के वन गमन प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम के राजा बनने का अयोध्यावासियों का सपना टूट गया। पिता के लिए वचनों को पूरा करने के लिए भगवान राम को वन जाने के लिए तैयार होना पड़ा। उनके साथ लक्ष्मण और माता सीता भी तैयार हो गई। रामराज्य के उत्सव में संलग्न अयोध्या नगरी शोक के सागर में डूब गई। सबको रोता बिलखता छोड़ भगवान वन को चले गए। राम कथा में महंत केदार गिरी महाराज, पुजारी मनकामेश्वर गिरी, शंकर गिरी , मुख्य यजमान अखिलेश सिंह, पार्षद नागेंद्र राणा, विकास गर्ग, प्रदीप गुर्जर, रमेश रावत, कालका प्रसाद कोठारी, विष्णु देव ठेकेदार, जगमोहन नेहिल, हरीश चौधरी, नितिश चौधरी, रोहित नेगी , प्रद्युम्न ठाकुर, पं सोहन ढोण्डियाल, विवेक कश्यप, मंजू निहाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**अयोध्या की टूटी आस, भगवान राम चले वनवास: हरिदास महाराज**

## धूमधाम से मनाई भगवान महर्षि कश्यप की जयंती

### कश्यप निषाद संगठन ने जयंती पर किया भव्य आयोजन

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार, लक्सर।** कश्यप निषाद संगठन के तत्वाधान में भगवान महर्षि कश्यप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें कश्यप समुदाय के लोगों ने भारी संख्या में शामिल होकर भगवान महर्षि कश्यप जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत सरकार ने कहा कि ब्रह्माजी के मानस पुत्र और सप्तर्षियों में से एक भगवान महर्षि कश्यप जी के द्वारा ही इस सृष्टि की रचना की गई है आज ऐसे भगवान जी की पुण्य जयंती में पहुंचने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इसके लिए मैं कश्यप निषाद संगठन का आभारी हूं ,भगवान महर्षि कश्यप का वंशज कश्यप समुदाय राष्ट्रवादी सोच के साथ हमेशा भारतीय जनता पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा रहता है। क्योंकि हमारी डबल इंजन की सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति पर कार्य कर रही है। जिसके अंतर्गत हमारी सरकार उत्तराखंड प्रदेश में कश्यप समाज को सम्मान व अधिकार देने में कोई कमी नहीं छोड़ेगीः क्योंकि सरकार का लक्ष्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे हम भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई लड़ रहे हैं। क्योंकि कांग्रेस सरकार की भ्रष्ट उत्तराखंड बहुत बहुत पिछड़ गया है और विकास भी बाधित हुआ है। हम विकास की बाधा को खत्म करके प्रदेश का सर्वांगीण विकास कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान महर्षि कश्यप के जन्म दिवस के अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित भीड़ से खचाखच भरे इस हॉल में मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि कश्यप निषाद संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा मुझे दिए गए। इस पांच सूत्रीय मांग पत्र मैं उठाई गई सभी प्रमुख मांगो सरकार व भाजपा संगठन से सहानुभूति पूर्वक पूरा कराने के लिए प्रयास करूंगा। कश्यप निषाद संगठन के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह कश्यप ने कहां के कश्यप निषाद संगठन पूरे राष्ट्र में कश्यप समुदाय को और राष्ट्रगान समाज हित में काम करने के लिए अपना अभूतपूर्व योगदान दे रहा है। हम चाहते हैं कि हर समाज के साथ-साथ कश्यप समाज के लोग भी शिक्षा समाज राजनीति नौकरियों में व्यापार में आगे बढ़े क्यों उत्तराखंड प्रदेश के निर्माण के उपरांत अभी तक इस समाज को विकास एवं समृद्धि में जो सफलता अर्जित करनी चाहिए थी। वह अभी तक नहीं कर पाया है क्योंकि उन्हें विरासत में कुछ नहीं मिला जिसका परिणाम है। आज इस प्रदेश में कश्यप समुदाय से ना कोई बड़ा अधिकारी बना है नए कोई नेता ना कोई आईएएस आईएएस पीसीएस अधिकारी है ना कोई हाई कोर्ट सुप्रीम कोर्ट में जज श्री कश्यप ने मंचस्त् सरकार व भाजपा के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे इस समुदाय को सत्ता में संगठन में भागीदारी देने पर विचार करें क्योंकि यह समाज इतना पिछड़ा हुआ है कि इसकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति दलितों से भी पूरी हो गई है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि पाल कश्यप ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मैं उत्तराखंड सरकार से अपील करता हूं कि यदि कश्यप समुदाय को

अनुसूचित जाति में सम्मिलित करने का अधिकार दे दिया जाए तो वह भविष्य में इस समुदाय के विकास एवं सम्मान की संभावना बढ़ जाएगी भगवान महर्षि कश्यप जी की जयंती में उपस्थित हुए सभी महानुभावों का धन्यवाद एवं आभार करता हूं और इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का भी आभार प्रकट करता हूं जिनके अथक प्रयास से इस जयंती को कामयाबी मिली है।

# यात्री वाहनों की बिक्री में जबरदस्त उछाल, टाटा मोटर्स उपलब्धि में सबसे आगे

## सेल में 27 फीसदी दर्ज की बढ़ोतरी




**नई दिल्ली।** बीते वित्तीय वर्ष में देश में यात्री वाहनों की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। इस दौरान समग्र बिक्री में 27 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। मारुति सुजुकी ह्युंडई और टाटा मोटर्स ने अब तक की सबसे बेहतर थोक बिक्री की है। इसके चलते घरेलू यात्री वाहन उद्योग में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने को मिला है। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने 2022.23 में 19,66,164 यात्री वाहनों की डीलरों को आपूर्ति की है। यह 2021-22 के 16,52,653 वाहनों की तुलना में 19 फीसदी ज्यादा है। घरेलू डीलरों को कंपनी ने 17,06,831 वाहन बेचे हैं जो पिछले वित्त वर्ष के 14,14,277 की तुलना में 21 फीसदी अधिक है।

ह्युंडई मोटर इंडिया ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में उसकी कुल थोक बिक्री भारत में परिचालन शूरू करने के बाद से अब तक की सबसे अधिक रही। कंपनी ने इस दौरान डीलरों को 7,20, 565 वाहनों की आपूर्ति की, जो 2021-22 की 6,10,760 इकाइयों की तुलना में 18 फीसदी अधिक है। इसमें घरेलू डीलरों का हिस्सा 5,67,546 है जो उससे पूर्व के वित्त वर्ष के 4,81,500 इकाइयों के मुकाबले भी 18 फीसदी अधिक है। कंपनी ने कहा कि घरेलू बाजार में एक वित्त वर्ष में उसकी यह अब तक सर्वाधिक बिक्री है। टाटा मोटर्स ने 5.38 लाख वाहन बेचे। टाटा मोटर्स की थोक बिक्री में 45 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। मारुति सुजुकी इंडिया के मार्केटिंग और सेल्स विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि चिप की कमी के बावजूद कंपनी ने एक वित्त वर्ष में अब तक की सर्वश्रेष्ठ बिक्री की है।

# दस हजार रुपए तक घटी श्याओमी-मोटोरोला की कीमत





**नई दिल्ली।** अगर आप एक नया स्मार्टफोन खरीदने की सोच रहे हैं, तो आपके लिए एक शानदार ऑफर है। दरअसल श्याओमी, मोटोरोला और वनप्लस ने अपने स्मार्टफोन की कीमत में 10 हजार रुपए तक की कटौती है। यह कटौती अलग-अलग स्मार्टफोन पर अलग है। इन स्मार्टफोन कंपनियों की ओर से करीब पांच स्मार्टफोन की कीमत में कटौती की गई है। वनप्लस 10आर की कीमत में 3,000 रुपए की कटौती हुई है। फोन को पिछले साल लांच किया गया था। यह दूसरी बार है जब इस फाने की कीमत में कटौती हुई है। इससे पहले 4,000 रुपए और अब 3000 रुपए की कटौती हुई है। इस तरह कुल 7000 रुपए की कटौती हो चुकी है। ऐसे में इसके 8जीबी व 128जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कमत 34,999 रुपए रह गई है। वहीं श्याओमी 12प्रो की कीमत में 10 हजार रुपए की कटौती हुई है।

पिछले लांच हुआ यह स्मार्टफोन अब तक 10 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। इसके 8जीबी वेरिएंट को 52,999 रुपए और 12जीबी वेरिएंट को 54999 रुपए में खरीदा जा सकेगा। वहीं श्याओमी 11 लाइट एनई फोन की कीमत में 3,000 रुपये की कटौती हुई है। फोन को सितंबर 2021 में लांच किया गया था। इसके 6जीबी वेरिएंट की कीमत 26,999 रुपए है। जबकि 8जीबी वेरिएंट 28,999 रुपए में आता है। फोन में 4250 एमएएच बैटरी और 33 वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट दिया गया है।

# बीएमसी ने वसूला 5,575 करोड़ रुपए प्रॉपर्टी टैक्स, 4800 करोड़ का था टारगेट पांच दिनों में खूब कमाई

**मुंबई।** कोरोना संकट के बाद मुंबईकरों ने प्रॉपर्टी टैक्स से बीएमसी की तिजोरी भर दी है। 31 मार्च को समाप्त हुए आर्थिक वर्ष के अंतिम दिन तक बीएमसी ने 5,575 करोड़ रुपए प्रॉपर्टी टैक्स प्राप्त किया, जो तय 4,800 करोड़ रुपए से 7,75 करोड़ रुपए अधिक है। बीएमसी के जॉइंट कमिश्नर सुनील धामने ने कहा कि 16.14 प्रतिशत अधिक प्रॉपर्टी टैक्स संग्रह हुआ है, यह हमारी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पिछले वर्ष बीएमसी ने 31 मार्च तक 5,792 करोड़ रुपए की वसूली की थी। यानी पिछले साल के मुकाबले इस साल 217 करोड़ रुपए कम प्रॉपर्टी टैक्स वसूल हुए हैं। 22 जनवरी तक बीएमसी प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में 3849 करोड़ रुपए की वसूल पाई थी। चार मार्च तक बीएमसी को 4,429 करोड़ रुपए प्रॉपर्टी टैक्स प्राप्त हुए थे। 15 मार्च तक 4,574 करोड़ रुपए और 26 मार्च 2023 तक 4,854 करोड़ रुपए प्रॉपर्टी टैक्स प्राप्त हुआ था। यानी अंतिम 5 दिनों में बीएमसी को 721 करोड़ रुपए प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में मिले। बीएमसी को होने वाली कुल आमदनी में 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा प्रॉपर्टी टैक्स का होता है।



# विदेशी मुद्रा भंडार 5.98 अरब डॉलर बढ़कर 578.8 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में वृद्धि से 24 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.98 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 578.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 12.8 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 572.8 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 24 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.4 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 509.73 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 1.4 अरब डॉलर की भारी वृद्धि हुई, जिससे यह बढ़कर 45.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 20.1 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 18.42 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 2.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 5.15 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

# महिंद्रा की वाहन बिक्री मार्च में 21 प्रतिशत बढ़कर 66,091 इकाई पर




**नयी दिल्ली, (भाषा)।** महिंद्रा एंड महिंद्रा बिक्री मार्च में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 66,091 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मार्च, 2022 में कंपनी ने डीलरों को 54,643 इकाइयों की आपूर्ति की थी। कंपनी ने बयान में कहा कि मार्च में उसके यूटिलिटी वाहनों की थोक बिक्री 31 प्रतिशत बढ़कर 35,976 इकाई पर पहुंच गई। एक साल पहले समान अवधि में यह 27,380 इकाई थी। यह कंपनी के यूटिलिटी वाहनों की एक महीने के दौरान सर्वाधिक थोक बिक्री है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा कि पिछले महीने उसने 2,115 वाहनों का निर्यात किया है जो एक साल पहले के 3,160 वाहनों की तुलना में 33 प्रतिशत कम है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी ने 3,56,961 यूटिलिटी वाहनों की बिक्री की जो 2021-22 के 2,23,682 इकाई के आंकड़े की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के ऑटोमोटिव खंड के अध्यक्ष विजय नाकरा ने कहा, ''मार्च, 2023 में हमारे एसयूवी कारोबार की वृद्धि 31 प्रतिशत अधिक रहने के साथ ही सर्वकालिक उच्च स्तर पर भी रही है। अच्छी मांग के बूते 2022-23 में कुल वृद्धि 60 प्रतिशत अधिक रही है।''

# गुजरात के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के भारतीय गेंदबाजों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को जब अपने घरेलू मैदान पर गत चैम्पियन गुजरात टाइटन्स के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दूसरी ओर, शुरुआती मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स को मात देने के बाद गुजरात के हौसले बुलंद है। घुटने की गंभीर चोट के कारण केन विलियमसन के टूर्नामेंट से बाहर होने के बावजूद कागजों पर गुजरात टाइटन्स मजबूत है। दिल्ली कैपिटल्स को सत्र के शुरुआती मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 50 रन से करारी शिकस्त दी थी। इस मैच में टीम को सबसे ज्यादा निराशा भारतीय तेज गेंदबाजों से हुई थी और एनरिच नोर्किया की गैरमौजूदगी में ए गेंदबाज लखनऊ के बल्लेबाजों को परेशान करने में विफल रहे थे।

चेतन सकारिया और मुकेश कुमार सटीक लाइन लेंथ पर गेंदबाजी करने के लिए जाने जाते हैं लेकिन लखनऊ के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय खिलाडयों को परेशान करने के लिए जरूरी गति और विविधता के मामले में दोनों काफी असरहीन थे। ऐसे में शानदार लय में चल रहे शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या को उनके खिलाफ रन बनाने में कोई परेशानी नहीं होगी। खलील अहमद ने शुरुआती मैच में गेंद से कुछ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन क्षेत्ररक्षण के मामले में वह फिसड्डी रहे है। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ कायल मायर्स का कैच टपकाया था जो टीम को काफी महंगा पड़ा था। दिल्ली के पास इशांत शर्मा जैसा अनुभवी गेंदबाज है लेकिन यह समझा जाता है कि टीम प्रबंधन ने 100 टेस्ट खेल चुके इस खिलाड़ी को सम्मान दिखाने के लिए आधार मूल्य पर अपने साथ जोड़ा। इशांत का इस्तेमाल इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर हो सकता है। दिल्ली के अभ्यास सत्र पर नजर रखने वालों का हालांकि मानना है कि उनकी गति और पैनापन में काफी गिरावट आई है। टीम को नोर्किया और लुंगी एंगिडी का साथ इस मैच के बाद से ही मिल पाएगा ऐसे में कोच रिकी पोंटिंग और क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली को टीम संयोजन बनाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। ऐसे में टीम सकारिया की जगह मुस्ताफिजूर रहमान को एकादश में मौका दे सकती है लेकिन इसके लिए रिले रोसो को बाहर बैठना पड़ेगा। बल्लेबाजी विभाग में कप्तान डेविड वार्नर चाहेंगे कि पृथ्वी साव और सरफराज खान जैसे भारतीय बल्लेबाज तेज गेंदबाजों का बेहतर तरीके से सामना करें।




**टीमें इस प्रकार**

हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, कोना भरत, रिद्धिमान साहा, राहुल तेवतिया, अभिनव मनोहर, मोहम्मद शमी, प्रदीप सांगवान, आर साई किशोर, विजय शंकर, साई सुदर्शन, राशिद खान, शिवम मावी, मैथ्यू वेड, ओडियन स्मिथ, उर्विल पटेल, दर्शन नालकांडे, डेविड मिलर (पहले 2 मैचों में उपलब्ध नहीं), , यश दयाल, जयंत यादव, नूर अहमद और अल्जारी जोसेफ।

**दिल्ली कैपिटल्स :** डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, मिशेल मार्श, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसो , सरफराज खान , फिल साल्ट , अभिषेक पोरेल , अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, ललित यादव, रिपल पटेल , इशांत शर्मा, चेतन सकारिया, खलील अहमद, अमन हकीम खान, प्रवीण दुबे, कमलेश नागरकोटी, यश ढुल, मुकेश कुमार और विक्की ओस्तवाल।

**मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होगा।**


# आईपीएल के दर्शकों को वॉर्निंग, मैदान पर राजनीति से जुड़े पोस्टर लहराए, तो होगा सख्त एक्शन




**नई दिल्ली।** इस समय इंडियन प्रीमियर लीग 2023 सीजन का खुमार फैंस के सिर चढक़र बोल रहा है। कोरोना के बाद पहली बार देश में इस तरह खचाखच भरे स्टेडियमों में मैच हो रहे हैं। मगर इसी बीच दर्शकों के लिए एक वॉर्निंग जारी की गई है। इसके तहत मैदान पर फैंस को राजनीतिक मामलों से जुड़े विवादित पोस्टर ले जाना मना है। दरअसल, पेटीएम इनसाइडर चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटन्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी का टिकट पार्टनर है। ऐसे में उसने कुछ प्रतिबंधित सामानों की सूची जारी की है। इसी के तहत ये बताया गया है कि दर्शकों को नागरिकता संशोधन अधिनियम और राष्ट्रीय नागरिकता पंजीकरण का विरोध करते हुए इससे जुड़े किसी भी प्रकार के बैनर स्टेडियम में ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह सलाह दिल्ली, मोहाली, हैदराबाद और अहमदाबाद जैसे चार शहरों में होने वाले मैचों के लिए ही है। नियम के उल्लंघन पर सख्त एक्शन हो सकता है। यह परामर्श फ्रेंचाइजी द्वारा जारी किया गया है, जो अपने संबंधित घरेलू मैचों के टिकट का कामकाज देखती है। यह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से सलाह के बाद किया जाता है, क्योंकि यह खेल प्रतियोगिता किसी भी संवेदनशील राजनीतिक या नीतिगत मुद्दों के प्रचार की अनुमति नहीं देती। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के एक वरिष्ठ अधिकारी से जब इस मामले के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, टिकट देना पूरी तरह से फ्रेंचाइजी के अधिकार क्षेत्र में है।

## अतंरराष्ट्रीय

# संसद में अंग्रेजी बैन करने का प्रस्ताव, इटली में विदेशी भाषा में सरकारी काम करने पर 89 लाख जुर्माना



**रोम।** इटली में जल्द ही ऑफिशियल कामकाज के लिए अंग्रेजी बैन होने वाली है। प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की पार्टी 'ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी' ने संसद में अंग्रेजी सहित सभी विदेशी भाषाओं के खिलाफ बिल पेश किया है। अगर ये बिल पास हो जाता है तो फिर इसके उल्लंघन पर एक लाख यूरो (89 लाख 33 हजार रुपए) तक का जुर्माना लगाया जाएगा। सीएनएन के मुताबिक, विदेशी भाषा पर पाबंदी वाला कानून इटली के चैंबर ऑफ डेप्युटीज (लोअर हाउस) में राजनेता फैबियो रामपेली ने पेश किया। अब इस बिल पर बहस होगी, जिसके बाद वोटिंग की जाएगी। बिल पेश होने से पहले इटली में चैट जीपीटी को भी अस्थायी तौर पर बैन कर दिया गया था। सरकार ने डेटा प्राइवेसी का हवाला देते हुए पॉपुलर एआई चैटबॉट पर बैन लगाया था। ऐसे तो इस बिल में सभी विदेशी भाषाओं का जिक्र है लेकिन इसका फोकस एंग्लोमेनिया पर है, यानी वो लोग जो इंग्लिश के सपोर्ट्स हैं।

# अमरीका में टोरनेडो से 26 की मौत, 60 तूफानों ने आठ राज्यों में तबाही मचाई



**वाशिंगटन।** अमरीका में शुक्रवार और शनिवार को आए दर्जनों खतरनाक टोरनेडो में 26 लोगों ने जान गवां दी। हालात इतने बुरे हो गए कि अमरीका के साउथ और मिडवेस्ट के कई राज्यों में इमरजेंसी लगानी पड़ी। रिपोर्ट के मुताबिक अमरीका के सात राज्यों में 60 तूफान आए जिससे वहां आठ राज्यों में खतरनाक तबाही मची। इनसे आठ करोड़ लोगों की जिंदगी प्रभावित हुई। खतरनाक तूफान से अर्कान्सस में तो एक स्कूल की छत ही उड़ गई। सबसे ज्यादा सात मौत अमरीका के टेनेसी प्रांत में हुई। वहीं, अर्कान्सस में पांच और इलिनॉय में चार लोगों की जान चली गई। एशली मैकमिलन नाम की एक महिला ने एपी को बताया कि जब उनके इलाके से टोरनेडो गुजरा तो उन्हें अपनी पति, बच्चों और कुत्ते के साथ छोटे से बाथरूम में जाकर छिपना पड़ा। टोरनेडो जहां से भी गुजरा अपने पीछे तबाही का मंजर छोड़ गया।

बड़े-बड़े पेड़ उखड़ कर जमीन पर गिर गए और घरों के दरवाजे, खिड़कियां टूट गए। एशली ने बताया कि उन्हें अब भी अपना घर हिलता हुआ महसूस हो रहा है। अर्कान्सस में 2600 इमारतों को नुकसान हुआ है। इलिनॉय के बेल्विडेयर में एक कॉन्सर्ट के दौरान थियेटर की छत गिर गई जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। हादसे के दौरान वहां पर 260 लोग मौजूद थे। कॉन्सर्ट में आई जेसिका नाम की एक महिला ने रॉयटर्स को बताया कि एक दम से लाइट चली गई और तेज आवाज आई। छत गिरने से एक 50 साल के अधेड़ मलबे में फंस

उत्तराखंड प्रहरी **छोटी खबरें**



## जम्मू-कश्मीरः ड्रोन से सांबा में गिराए गए हथियार, 4 हैंड ग्रेनेड, 6 मैगजीन और तीन पिस्टल बरामद

**जम्मू।** पुलिस ने जम्मू-कश्मीर में सांबा जिले के विजयपुर क्षेत्र में सोमवार सुबह हथियार और गोला बारूद से भरा एक पैकेट बरामद किया। पुलिस ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल (BSF) के जवानों द्वारा शनिवार को संदिग्ध ड्रोन को खदेड़े जाने के बाद पुलिस ने जिले में तलाश अभियान चलाया। इसी दौरान सांबा जिले के विजयपुर स्थित एम्स के पास रख बरोतियां के ऊपरी हिस्से में सोमवार सुबह एक पैकेट बरामद हुआ। बरामद किए गए सामान में चार चीनी हैंड ग्रेनेड, 48 राउंड वाली छह मैगजीन और तीन चीनी पिस्टल शामिल हैं। माना जा रहा है कि यह पैकेट संदिग्ध ड्रोन द्वारा गिराया गया था। पुलिस ने बताया कि इलाके की घेराबंदी कर दी गयी है और तलाश अभियान जारी है।

## झांसी में कंपोजिट विद्यालय में एस्ट्रोनॉमी लैब व पुस्तकालय का लोकार्पण

**झांसी (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने झांसी के ग्राम दिगारा स्थित कंपोजिट विद्यालय में आज नवनिर्मित एस्ट्रोनॉमी लैब एवं पुस्तकालय का विधिवत लोकार्पण करने के बाद कहा कि ऐसी लैब का मकसद बच्चों में साइंटिफिक टेंपर विकसित करना है। मुख्य सचिव ने विभिन्न विद्यालयों में जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) न्यास से निर्मित किए गए 44 पुस्तकालय भवनों, 39 एस्ट्रोनॉमी लैब एवं 03 डिजिटल लाइब्रेरी का भी वर्चुअल लोकार्पण किया। जिले में एस्ट्रोनॉमी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी एवं पुस्तकालय भवन का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि छात्रों को लैब के सहारे पढ़ाई करने में आसानी मिलेगी तथा सौरमंडल के बारे में भी जानकारी प्राप्त होगी। छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए ही एस्ट्रोनॉमी लैब का निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में लगभग 39 विद्यालयों में खगोलीय प्रयोगशाला डीएमएफ के माध्यम से बनाई गई हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों के भविष्य के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज फाउंडेशन न्यास से एस्ट्रोनॉमी लैब का निर्माण कराया गया है। वहीं छात्रों को पढ़ाई करने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा फल है जो बांटने से बढ़ता है। शिक्षित होकर छात्र खुद व अपने परिवार को आगे बढ़ा सकते हैं।

## छह साल में किसानों को दो लाख 4745 करोड के गन्ने का हुआ भुगतानः चौधरी

**मथुरा (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के चीनी मिल एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के समय में गन्ने की खेती का जल्दी भुगतान सुनिश्चित कर पिछले छह साल में किसानों को दो लाख 4 हजार 745 करोड के गन्ने मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। श्री चौधरी ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि इस सीजन में कुल 930 करोड टन गन्ने की पेराई हुई है तथा 31 मार्च 2023 तक गन्ना किसानों को 21620 करोड रुपए का भुगतान किया गया है।

वर्तमान में प्रदेश में 96 चीनी मिल चल रही हैं। उन्होंने कहा कि जब तक एक भी गन्ना किसान के खेत में है तब तक प्रदेश में चीनी मिल चलेगी। उन्होंने बताया कि गन्ने का समय से भुगतान करने के कारण पिछले छह साल में गन्ने की खेती का क्षेत्रफल करीब साढे आठ लाख हेक्टेयर बढ़ा है।

# पेगासस जैसा नया स्पाईवेयर खरीदने की तैयारी में केंद्र, ग्रीस-इजराइल की फर्म लगा सकती हैं बोली

**986 करोड़ रुपए का बजट ग्रीस-इजराइल की फर्म लगा सकती हैं बोली**



**नई दिल्ली।** भारत सरकार पेगासस जैसा नया स्पाईवेयर तलाश रही है। पेगासस को अमरीकी सरकार ब्लैकलिस्ट कर चुकी है और भारत में भी यह स्पाईवेयर विवादों में रह चुका है। ऐसे में सरकार पेगासस की प्रतिद्वंद्वी सॉफ्टवेयर कंपनियों से डील के बारे में बात रही है। ये सर्विलांस कंपनियां भारत सरकार के सामने बोली लगाने की तैयारी कर रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के डिफेंस और इंटेलिजेंस अधिकारी पेगासस बनाने वाली कंपनी एनएसओ का ऐसा कोई कंपीटीटर खोज रहे हैं, जो इतनी चर्चा में न रहा हो। माना जा रहा है कि सरकार नए स्पाईवेयर के कांट्रैक्ट के लिए 12 करोड़ डालर (986 करोड़ रुपए) तक खर्च करने को तैयार है। इसके लिए करीब 12 कंपनियां बोली लगा सकती हैं।

**ग्रीस के प्रीडेटर का जासूसी कांड में आ चुका है नाम**

सूत्रों के अनुसार भारतीय अधिकारी ग्रीस की कंपनी इंटेलैक्सा का स्पाईवेयर खरीदने के बारे में सोच रहे हैं। इस कंपनी ने इजराइली मिलिट्री के पूर्व अधिकारियों की मदद लेकर प्रीडेटरनाम का स्पाईवेयर तैयार किया है। इस स्पाईवेयर का पहले से ही एक जासूसी कांड में नाम आ रहा है, जिसमें ग्रीस के स्पाई चीफ और प्रधानमंत्री भी फंसे हुए हैं। प्रीडेटर कई ऐसे देशों में ऑपरेशनल है, जहां मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। इन देशों में मिस्र, सऊदी अरब, मैडागास्कर और ओमान शामिल हैं।

**इजराइली कंपनियों के स्पाईवेयर में ज्यादा इंटरेस्ट**

भारतीय अधिकारी कई स्पाईवेयर में इंटरेस्ट दिखा रहे हैं, जिसमें से अधिकतर को इजराइली कंपनियों ने बनाया है। इजराइल में सबसे एडवांस स्पाईवेयर कंपनियां मौजूद हैं, जो यहां की मिलिट्री के साथ मिलकर स्पाईवेयर बनाती हैं। स्पाईवेयर के ऑप्शन में क्वॉड्रीम और कॉग्नाइट शामिल हैं। क्वॉड्रीम को लेकर इजराइली अधिकारियों का कहना है कि वॉशिंगटन पोस्ट के जर्नलिस्ट जमाल खशोगी की मौत के बाद इस स्पाईवेयर को सऊदी असर में बेचे जाने का अप्रूवल मिला था

## पश्चिम बंगाल के हालात पर भड़के अनुराग ठाकुर, ममता बनर्जी पर साधा निशाना, भाजपा नेता की हत्या पर उग्र

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले में शनिवार रात को कुछ बदमाशों ने भाजपा नेता राजू झा की गोली मारकर हत्या कर दी। राजू अपने कुछ साथियों के साथ कोलकाता जा रहे थे। वे शक्तिगढ़ में हाईवे के किनारे एक दुकान पर रुके थे। इसी दौरान एक गाड़ी में आए हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी। हमले में उनका दोस्त ब्रातिन मुखर्जी गंभीर रूप से घायल हो गया है। राजू की हत्या पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि ममता बनर्जी पर पक्षपात करने और अपने भाषणों से हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ममता राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था की मिसाल हैं। पूर्व बर्धमान के एसपी कामनाशीष सेन ने बताया कि राजू झा, दुकान के बाहर अपनी गाड़ी में ही बाकी लोगों का इंतजार कर रहे थे। इस बीच वहां हमलावर आए, उनमें से एक ने कार का शीशा रॉड मारकर तोड़ दिया। इसके बाद राजू पर पांच राउंड फायर कर दिए। इससे राजू वहीं बेसुध हो गए। हालांकि हॉस्पिटल ले जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।



## धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर बवाल, साई को भगवान मानने से इनकार करते हुए बिगड़े बोल, भक्त भड़के

**जबलपुर।** बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने एक बार फिर से विवादित बयान दिया है। बागेश्वर धाम सरकार की कथा इन दिनों एमपी के जबलपुर जिले में चल रही है। जबलपुर में कथा के दौरान प्रबुद्ध जनों से चर्चा करते हुए उन्होंने साईं बाबा को लेकर एक बड़ी बात कही है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि साईं बाबा कोई भगवान नहीं हैं। साईं बाबा संत और फकीर हो सकते हैं, लेकिन भगवान नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि गीदड़ की खाल पहनकर कोई शेर नहीं बन सकता है। धीरेंद्र शास्त्री ने शंकराचार्य की बात का उदाहरण देते हुए कहा कि शंकराचार्य ने कभी भी साईं बाबा को देवता का स्थान नहीं दिया था। शंकराचार्य हिंदू धर्म के प्रधानमंत्री होते हैं, इसलिए हर सनातनी को उनकी बात मानना बहुत जरूरी है।

दरअसल, जबलपुर के पनागर में बागेश्वर धाम की कथा चल रही है। सात दिवसीय कथा के आखिरी दिन प्रबुद्ध जनों से चर्चा का कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम में बागेश्वर धाम सरकार भक्तों के सवालों के जवाब दे रहे थे। उनसे जब साईं बाबा के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने साईं बाबा को भगवान मानने से इंकार करते हुए कहा कि वो भगवान नहीं हैं। बागेश्वर बाबा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हमारे धर्म में शंकराचार्य जी का सबसे बड़ा स्थान है। उन्होंने साईं बाबा को देवताओं का स्थान नहीं दिया है।



## कोरोना से एक बार फिर लड़नी होगी जंग; 2 हजार से ज्यादा नए केस

**नई दिल्ली।** कोराना ने एक बार फिर से फन फैला दिया है और लगातार मरीजों की संख्या में इजाफा हो राह है। हिमाचल में पिछले 24 घंटों में कोविड के 323 नए मामले सामने आए हैं, जबकि समस्त भारत में नए संक्रमितों की संख्या 2035 है। इसी अवधि में देश में चार मरीजों की मौत भी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह जारी बुलेटिन के मुताबिक देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढक़र 18,389 हो गई है।

इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 1,784 बढक़र 4,41,73,335 पर पहुंच गया है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान देश के 26 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई, जिनमें से सबसे ज्यादा मामले केरल में 578 बढ़े। इसके अलावा, हिमचाल प्रदेश में 323, दिल्ली में 271, महाराष्ट्र में 234, कर्नाटक में 151, गोवा में 83, हरियाणा में 80, उत्तर प्रदेश में 69, तमिलनाडु में 59, पंजाब में 41, छत्तीसगढ़ में 29, चंडीगढ़ में 25, केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 21, ओडिशा में 18, पुडुचेरी में 17, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में 14-14, आन्ध्र प्रदेश और लद्दाख में 13-13, बिहार और झारखंड में पांच-पांच, मध्य प्रदेश में दो, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और सिक्किम में क्रमशः एक-एक सक्रिय मामले बढ़े। वहीं इस दौरान, दिल्ली, हरियाणा, केरल और राजस्थान में क्रमशः एक-एक मरीजों की इस जानलेवा महामारी के कारण जान गई।



# स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका निभाना चुनौतीपूर्ण सारा अली खान




अभिनेत्री सारा अली खान ने कहा कि आगामी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में एक स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका निभाना उनके लिए एक चुनौतीपूर्ण और रोमांचक अनुभव था। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन कन्नन अय्यर द्वारा निर्देशित है। फिल्म 1942 में हुए भारत छोड़ो आंदोलन की पृष्ठभूमि की सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और मुंबई में कॉलेज की एक महिला की निडर यात्रा का चित्रण करती है जो स्वतंत्रता सेनानी बन जाती है। मीडिया की खबरों के मुताबिक, यह फिल्म स्वतंत्रता सेनानी ऊषा मेहता पर आधारित है, जिन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान रेडियो के जरिए देश भर में खबरों को फैलाने में अहम भूमिका निभाई थी। सारा ने कहा कि अमेजन ओरिजिनल फिल्म ने उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में खुद को साबित करने का मौका दिया। अभिनेत्री (27) ने कहा, इस फिल्म में एक हिस्सा है जहां हम उसे गुमनाम नायक कहते हैं। एक गुमनाम सेनानी क्योंकि हम उसे नहीं जानते हैं। उसने इतना त्याग किया और आप नहीं जानते कि वह कौन है, जो मेरे अनुसार त्याग, शक्ति और वीरता की एक विशाल कहानी के रूप में है।

उन्होंने कहा, यह सब वर्तमान में या किसी भी समय के लिए है। यह निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण और रोमांचक भी था। कोलंबिया विश्वविद्यालय से इतिहास और राजनीति विज्ञान में डिग्री लेने वाली सारा ने कहा कि फिल्म ने उन्हें गुमनाम स्वतंत्रता सेनानी के बारे में बताया। उन्होंने कहा, मैं इतिहास की छात्रा हूं इसलिए मुझे हमारे स्वतंत्रता संग्राम के बारे में अच्छी जानकारी है लेकिन मैं ऊष मेहता के बारे में नहीं जानती थी। और मैं कल्पना कर सकती हूं कि ऐसे बहुत से लोग हैं जो उनके बारे में नहीं जानते हैं। ऐ वतन मेरे वतन दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। अभी रिलीज की तारीख की घोषणा नहीं हुई है।




# 61 वर्ष की हुयी जया प्रदा

बॉलीवुड अभिनेत्री जया प्रदा आज 61 वर्ष की हो गयी। जया प्रदा का मूल नाम ललिता रानी है उनका जन्म आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव राजमुंदरी में 03 अप्रेल 1962 को एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। उनके पिता कृष्णा तेलूगु फिल्मों के वितरक थे। बचपन से ही जयाप्रदा का रूझान नृत्य की ओर था। उनकी मां नीलावनी ने नृत्य के प्रति उनके बढ़ते रूझान को देख लिया और उन्हें नृत्य सीखने के लिए दाखिला दिला दिया। चौदह वर्ष की उम्र में जयाप्रदा को अपने स्कूल में नृत्य कार्यक्रम पेश करने का मौका मिला। जिसे देखकर एक फिल्म निर्देशक उनसे काफी प्रभावित हुए और अपनी फिल्म भूमिकोसम में उनसे नृत्य करने की पेशकश की लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। बाद में अपने माता-पिता के जोर देने पर जयाप्रदा ने फिल्म में नृत्य करना स्वीकार कर लिया।इस फिल्म के लिए जयाप्रदा को पारश्रमिक के रूप में महज 10 रुपए प्राप्त हुए लेकिन उनके तीन मिनट के नृत्य को देखकर दक्षिण भारत के कई फिल्म निर्माता -निर्देशक काफी प्रभावित हुये और उनसे अपनी फिल्मों में काम करने की पेशकश की जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। वर्ष 1976 जयाप्रदा के सिने कैरियर का महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उन्होंने के. बालचंद्रन की अंथुलेनी कथा के. विश्वनाथ की श्री श्री मुभा और वृहत पैमाने पर बनी एक धार्मिक फिल्म सीता कल्याणम में सीता की भूमिका निभाई। इन फिल्मों की सफलता के बाद जयाप्रदा दक्षिण भारत में अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गई।वर्ष 1977 में जयाप्रदा के सिने कैरियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म आदावी रामाडु प्रदर्शित हुयी। जिसने टिकट खिड़की पर नए कीर्तिमान स्थापित किए।




# सेक्शन 84 में अमिताभ बच्चन के साथ काम करेंगी डायना पेंटी

अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म सेक्शन 84 के निर्माताओं ने सोमवार को घोषणा की कि इसमें अभिनेत्री डायना पेंटी भी काम करेंगी। अदालती मामले पर आधारित फिल्म का लेखन और निर्देशन रिभू दासगुप्ता कर रहे हैं जिन्होंने तीन और द गर्ल ऑन द ट्रेलर का भी निर्देशन किया है। डायना ने कहा कि उनके लिए अमिताभ बच्चन के साथ काम करना किसी सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने कहा, सेक्शन 84 मेरे लिए बहुत खास है। न केवल इसकी कहानी की वजह से, बल्कि इसलिए भी कि मुझे दिग्गज बच्चन साहब के साथ काम करने का मौका मिल रहा है। अमिताभ इससे पहले टीवी लघु श्रृंखला युद्ध और तीन में दासगुप्ता के साथ काम कर चुके हैं।



# रोजमर्रा की सामान्य कहानी नहीं है 'टूथ परी': रेवती

जानी मानी अभिनेत्री एवं फिल्म निर्माता रेवती ने कहा है कि नेटफ्लिक्स की रोमांटिक फैंटेसी थ्रिलर, 'टूथ परीः व्हेन लव बाइट्स' कोई सामान्य रोजमर्रा की नहीं, बल्कि एक नयी कहानी है।




वह इस फिल्म में एक अलग तरह की भूमिका निभाती नजर आएंगी। तीन दशक से ज्यादा समय के अपने अनोखे फिल्म कैरियर में रेवती ने कई तरह की चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में अपना हाथ आजमाया और एक कलाकार के रूप में अपनी असली क्षमता का प्रदर्शन किया है। अभिनेत्री इस बार एक ऐसी भूमिका में हाथ आजमाने के लिए तैयार है, जो उन्होंने पहले कभी नहीं की है- एक ऐसा किरदार जो भारत में पॉप कल्चर कैनन के काफी अनछुए पक्ष को छुएगा। अब, अपने बिल्कुल नए अवतार में, रेवती लूना लुका की भूमिका में नजर आएंगी, जो एक हठी विक्का है, जिसने वर्षो तक शीतनिद्रा में रहने के बाद मनुष्यों की दुनिया में खून चूसने वाले पिशाचों के पुनरुत्थान को देखा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक: विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com